13. अविकारी शब्द (अव्यय)

वे शब्द जो सदा एक जैसे ही रहते हैं। जिनमें लिंग, वचन, कारक के कारण कोई प्रभाव नहीं पड़ता, अविकारी शब्द या अव्यय कहलाते हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ छात्र अविकारी शब्द पिछली कक्षाओं से पढ़ते आ रहे हैं। उनकी पुनरावृत्ति करवाते हुए उनसे अव्यय शब्दों के बारे में जानें।
- ❖ छात्रों से जानें कि वे अविकारी शब्दों से क्या समझते हैं।
- ❖ अविकारी शब्दों के चारों भेद बताएँ।
- ❖ बताएँ, जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, वे क्रियाविशेषण कहलाते हैं।
- ❖ पाठ पृष्ठ 91 पर दिए क्रियाविशेषण के उदाहरणों को छात्रों से पढ़वाएँ तथा उनमें आए क्रियाविशेषण शब्दों से अवगत कराएँ।
- ❖ बताएँ, क्रिया कब, कहाँ, कैसे या कितनी हुई या हो रही है, यह क्रियाविशेषण से पता चलता है। इसी आधार पर इसके चार भेद किए जाते हैं। क्रियाविशेषण के चारों प्रकार – कालवाचक, स्थानवाचक, रीतिवाचक, परिमाणवाचक क्रियाविशेषण को स्पष्ट रूप से समझाएँ। पृष्ठ 91-92 पर दिए भेदों को पढ़वाएँ तथा समझाएँ।
- ❖ विशेषण तथा क्रियाविशेषण में अंतर समझाएँ।
- ❖ संबंधबोधक, समुच्चयबोधक तथा विस्मयादिबोधक अव्ययों के बारे में समझाते हुए पृष्ठ 93-96 पर दिए वाक्य पढ़ें तथा एक-एक करके सभी भेदों को समझाएँ। इन भेदों के उपभेदों पर भी विस्तार से चर्चा करें।
- ❖ निपात के बारे में समझाते हुए बताएँ, वाक्य में जब किसी पद पर विशेष बल दिया जाता है, उसे प्रकट करने वाले शब्द निपात कहलाते हैं।
- ❖ बीच-बीच में भेदों के वाक्यों के उदाहरणों द्वारा सुनिश्चित करें कि छात्रों को आसानी से समझ आ रहा है।
- ❖ 'अब तक हमने सीखा' द्वारा पाठ की पुनरावृत्ति या दोहराई करवा लें।
- ❖ अभ्यास कार्य जाँचें। त्रुटि हो तो सुधार करवाएँ।